आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 16 अंक 5 ● कटनी ● शनिवार, 5 फरवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ शुक्ल पक्ष-5 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें


WWW.yashbharat.co.in




## यूएई में भारत को बड़ी कामयाबी

# 29 साल बाद प्रमुख साजिशकर्ता अबू बकर शिकंजे में

**दुबई ।** खाड़ी देश संयुक्त अरब अमीरात में भारतीय खुफिया एजेंसियों को बड़ी सफलता हाथ लगी है। साल 1993 के मुंबई सीरियल ब्लास्ट का मोस्ट वांटेड आरोपी यूएई में अरेस्ट हो गया है। इस आतंकी का नाम अबू बकर अब्दुल गफूर शेख है और उसने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में विस्फोटकों की ट्रेंनिंग ली है। वह दाऊद इब्राहिम के दुबई स्थित घर पर रहकर भारत के खिलाफ साजिश रच रहा था। मुंबई ब्लास्ट में 257 लोग मारे गए थे और 713 लोग घायल हो गए थे।अबू बकर साल 1993 में हुए मुंबई बम विस्फोटों के मुख्य साजिशकर्ताओं में शामिल है। वह यूएई और पाकिस्तान में रहता था। अबू बकर को हाल ही में यूएई में अधिकारियों ने भारतीय खुफिया सूचना के बाद अरेस्ट किया है। अबू बकर को साल 2019 में भी एक बार पकड़ा गया था। हालांकि वह कुछ कागजात का हवाला देकर यूएई के अधिकारियों की हिरासत से बच निकला था। इंडिया टूडे की खबर के मुताबिक अब भारतीय एजेंसियां अबू बकर को प्रत्यर्पित करने की तैयारी कर रही हैं।


शीघ्र ही भारत लाया जाएगा अबू बकर

अबू बकर पिछले 29 साल से भारतीय एजेंसियों के मोस्ट वांटेड लिस्ट में शामिल था। अब यूएई से लाकर उसे कानून के कठघरे में पेश किया जाएगा। अबू बकर माफिया डॉन दाऊद इब्राहिम के गुर्गे मोहम्मद और मुस्तफा दोसा के साथ मिलकर तस्करी करता था। वह खाड़ी देशों से सोना, कपड़े और इलेक्ट्रॉनिक सामान तस्करी करके मुंबई ओर अन्य जगहों पर लाता था। उसके खिलाफ साल 1997 में एक रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया था।अबू बकर का दुबई में कई बिजनस है। उसने एक ईरानी महिला से शादी कर रखी है जो उसकी दूसरी पत्नी है। शीर्ष खुफिया सूत्रों ने बताया कि अबू बकर को भारत वापस लाने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उधर, माना जा जा रहा है कि माफिया डॉन दाऊद इब्राहिम अभी भी पाकिस्तान में आईएसआई की निगरानी में छिपा हुआ है। पिछले दिनों पाकिस्तानी जांच एजेंसी एफआईए ने भी दाऊद के पाकिस्तान में होने के संकेत दिए थे।

# मप्र में कोरोना के मोर्चे पर राहत

**भोपाल, ।** देश के साथ-साथ प्रदेश में भी कोरोना की तीसरी लहर में संक्रमण का प्रकोप कम होने लगा है1 शुक्रवार को प्रदेश में 5533 मरीज मिले हैं। कुल 78,071 सैंपलों की जांच में इतने मरीज मिले हैं। इस तरह संक्रमण दर 07 फीसदी रही। इससे एक दिन पहले प्रदेश में 79,016 सैंपलों की जांच में 6516 मरीज मिले थे और संक्रमण दर 8.2 फीसदी रही थी। लगातार पांच दिन से संक्रमण दर 10 फीसद से नीचे है। हालांकि शुक्रवार को प्रदेश में आठ मरीजों की मौत भी हुई है। इससे पहले लगातार दो दिन प्रदेश में नौ-नौ मरीजों की मौत हुई थी। राहत की बात यह है कि प्रदेश में सक्रिय मरीजों का आंकड़ा घटते हुए 47 हजार के आसपास पहुंच गया है। यहां पर एक उल्लेखनीय बात यह भी है कि मध्य प्रदेश में अब तक मिले कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा शुक्रवार को 10 लाख के स्तर को पार कर गया। अब तक प्रदेश में कोरोना के कुल 10 लाख 582 प्रकरण सामन आ चुके हैं।

**मिले 5533 नए मरीज, संक्रमण दर 07 फीसदी**



### देश में कोरोना को मात देने वालों का आंकड़ा 4 करोड़ के पार

देश में बीते दिन 1,27,952 नए कोरोना केस मिले। इस दौरान 2,30,814 लोग ठीक हुए, जिससे अब तक रिकवर होने वालों का आंकड़ा 4,02,47,902 पर पहुंच गया। इस समय रिकवरी रेट 95.64प्रश है। अगर डेली पॉजिटिविटी रेट की बात करें तो यह 7.98प्रश है। वहीं, वीकली पॉजिटिविटी रेट 11.21प्रश है।

### अमेरिका में मौत का आंकड़ा नौ लाख पार

पूरी दुनिया में ओमिक्रॉन लहर के बीच अमेरिका में कोरोना महामारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 9 लाख के पार पहुंच गई है। वहां महामारी से विश्व में सर्वाधिक मौतें हुई हैं। इस बीच ब्रिटेन के महामारी विशेषज्ञों ने कोरोना की बड़ी लहरें आने की आशंका जताई है। पिछले दो सालों से कोरोना के दंश से बचे रहे प्रशांत महासागर क्षेत्र के कुछ देशों में से एक टोंगा में भी अब इस वायरस ने दस्तक दे दी है।

## उार प्रदेश में रामपुर में भीषण सड़क हादसा



**5 लोगों की मौत**

**रामपुर ।** उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले में भीषण सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई है। मिली जानकारी के मुताबिक यह सड़क हादसा रामपुर जिले के टांडा थाना क्षेत्र में हुआ है, जहां एक गाड़ी के दुर्घटना होने से 5 लोगों की मृत्यु हुई। स्थानीय पुलिस को जैसे ही जानकारी मिली तो घटनास्थल पर पहुंची और मामले के बारे में पूरी जानकारी हासिल की। पुलिस ने बताया कि वाहन में 6 लोग सवार थे, जिनमें से 5 लोगों की मौत हो चुकी है। SDM राजेश कुमार ने बताया, च्वाड़ी में 6 लोग सवार थे। ड्राईवर की हालत गंभीर है और उसे ज़िला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।




## कश्मीर से लेकर नोएडा तक भूकंप के झटके

**नई दिल्ली।** कश्मीर, नोएडा और अन्य इलाकों में शनिवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 5.7 मापी गई। आज सुबह 9ः45 बजे आए भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान-ताजिकिस्तान सीमा क्षेत्र में रहा। अभी तक किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। नोएडा के कुछ लोगों ने ट्वीट किया कि कम से कम 20 सेकेंड तक जमीन हिलती रही। दिल्ली में भी लोगों ने भूकंप के झटके महसूस करने की बात कही है। एक शख्स ने बताया, मुझे लगा कि मेरा सिर घूम रहा है। जब मैंने पंखे की तरफ देखा तो वह अचानक हिल रहा था। मैंने महसूस किया कि यह भूकंप है। नोएडा में लगभग 25-30 सेकंड के लिए जोरदार झटके महसूस किए गए। वहीं शनिवार को ही उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए।

## लालू हुए आगबबूला

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के संस्थापक लालू प्रसाद यादव के पार्टी अध्यक्ष का पद छोड़ने की अटकलें मीडिया में लगातार लगाई जा रही हैं। पत्नी राबड़ी देवी द्वारा इस खबर को अफवाह बताने के बावजूद अटकलों पर विराम नहीं लग पाया है। सियासी जगत में जहां इस बात की लगातार चर्चा है कि तेजस्वी यादव को जल्द ही राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जा सकता है तो वहीं अब लालू प्रसाद इस मनगढ़ंत अटकलों से नाराज हो गए हैं। उन्होंने इस मामले पर अपना बयान जारी किया है। लालू ने कहा है कि जो लोग इस तरह की झूठी खबर फैला रहे हैं वे मूर्ख हैं। ऐसी कोई बात नहीं है। पार्टी का सारा काम मैं ही देख रहा हूं। लालू की पत्नी और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने भी ने मीडिया में चल रही उन अटकलों को खारिज किया है, जिनमें कहा जा रहा था कि लालू अगले हफ्ते पार्टी समारोह में तेजस्वी को राजद का राष्ट्रीय अध्यक्ष बना सकते हैं।


बोले- मैं ही हूं राजद अध्यक्ष

## स्कूल में गेट से तांक-झांक कर रहा था युवक, गर्दन फंसी

**ग्वालियर,** ग्वालियर शहर में एक युवक एक स्कूल में तांक-झांककर रहा था। उसने स्कूल में झांकने के लिए लोहे के चैनल गेट में गर्दन डाल दी और जब नहीं निकली तो शोर मचाने लगा। काफी देर तक गर्दन बाहर नहीं निकली तो पुलिस और अन्य लोगों ने चैनल गेट को काटकर युवक की गर्दन बाहर निकाली।

बताया जाता है कि जनकगंज गोल पहाड़िया सामुदायिक भवन में संचालित हो रहे एक स्कूल में बब्लू नामक का युवक झांक रहा था। उसने स्कूल में झांकने के लिए अपनी गर्दन को लोहे के चैनल गेट में डाल दिया। उसकी गर्दन उस समय तो घुस गई लेकिन जब वह बाहर निकलने लगा तो गर्दन फंस गई। काफी कोशिश के बाद भी जब गर्दन बाहर नहीं निकली तो बब्लू ने शोर मचाया। शोर सुनकर लोग वहां पहुंचे तो युवक को चैनल गेट में फंसा देखकर वीडियो बनाने लगे लेकिन उसकी गर्दन पर किसी का ध्यान नहीं गया। जब उसने रोते हुए गर्दन फंसने की बात कही तब स्कूल वालों ने पुलिस को बुलाया।

# कर्नाटक में हिजाब विवाद गहराया

## CM ने की बैठक, HC में 8 फरवरी को सुनवाई

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उडुपी जिले में तीन और कॉलेजों ने हिजाब पहनकर आईं महिला मुस्लिम छात्राओं के एंट्री देने से इनकार कर दिया। 28 दिसंबर, 2021 को उडुपी से इस तरह का पहला मामला आया था। अब तक कुल पांच शिक्षण संस्थानों- तीन सरकारी कॉलेजों और दो निजी संस्थानों ने हिजाब पहनने पर छात्राओं की एंट्री पर रोक लगा दी है। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए शुक्रवार को किसी संस्थान में पहली बार पुलिस तैनात की गई थी।महिलाओं और कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह कार्रवाई उनके संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है। वहीं सरकार और अधिकारियों का तर्क है कि यह नियम शैक्षणिक संस्थानों में धार्मिक प्रतीकों के प्रदर्शन को रोकने के लिए है। कई हिंदू छात्र




कक्षा में हिजाब पहनने वाली मुस्लिम लड़कियों का विरोध कर रहे हैं। वो स्थानीय छात्रों को संस्थानों में भगवा स्कार्फ पहनने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। शुक्रवार को पहली घटना उडुपी के भंडारकर कॉलेज में हुई। छात्रों के अनुसार, जब वे सुबह कॉलेज पहुंचे तो हिजाब पहनकर आई छात्राओं को कॉलेज के अधिकारियों ने पुलिस की मौजूदगी में गेट पर रोक दिया। कुंडापुर पुलिस के अधिकारियों ने कहा कि कॉलेज के प्रिंसिपल का फोन आने के बाद पुलिस को तैनात किया गया था।

हिजाब को लेकर विवाद के बीच कर्नाटक सरकार ने शैक्षणिक संस्थानों से पोशाक संबंधी मौजूदा नियमों का पालन करने को कहा है, जब तक कि उच्च न्यायालय अगले सप्ताह इस संबंध में कोई आदेश नहीं दे देता। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने सरकार के रुख के बारे में प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा मंत्री बी सी नागेश और शीर्ष सरकारी अधिकारियों के साथ शुक्रवार को बैठक की। मालूम हो कि कर्नाटक हाई कोर्ट में इस मामले पर 8 फरवरी को सुनवाई होगी।

वहीं, कांग्रेस नेता सिद्धरमैया ने शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पहनने के अधिकार पर मुस्लिम लड़कियों का समर्थन किया और भाजपा नेतृत्व वाली सरकार पर हमला किया। सिद्धरमैया ने कहा, किसी कॉलेज के अंदर वह भी एक सरकारी शैक्षणिक संस्थान में लड़कियों को प्रवेश से इनकार करना, विद्यार्थियों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। उन्होंने भाजपा पर छात्रों को भगवा शॉल पहनने, इसे मुद्दा बनाने के लिए उकसाने का आरोप लगाया।

## मास्क लगाने को बोला तो पड़ गई सैंडल

**छतरपुर।** कोरोना काल चल रहा है। आमतौर पर लोग किसी को बिना मास्क देखते हैं तो टोक ही देते हैं। लेकिन छतरपुर के जिला अस्पताल में एक महिला को मास्क लगाने के लिए टोकना मास्क विक्रेता को महंगा पड़ गया। गुस्साई महिला ने सैंडल निकालकर उसकी पिटाई कर दी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। जब मास्क बेचने वाले से घटना के बारे में पूछा गया तो उसने कहाकि उसने सिर्फ महिला से मास्क लगाने के लिए कहा था। मास्क लगाने को बोलते ही वह मुझे पीटने लगी। उस व्यक्ति ने कहाकि महिला का कहना है कि वह यह कहते हुए मुझे पीटने लगी कि तुम चाहते हो मुझे कोरोना हो जाए।

## हाईकोर्ट्स में वर्चुअल हियरिंग अनिवार्य करने से सुको का इनकार

### कहा- हाई कोर्ट हमारे अधीन नहीं है

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट्स में वर्चुअल हियरिंग अनिवार्य करने से इनकार कर दिया है। सुको ने शुक्रवार को कहा कि वह उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों को वर्चुअल सुनवाई अनिवार्य करने का निर्देश नहीं दे सकता है। जस्टिस धनंजय वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, हाई कोर्ट हमारे अधीन नहीं हैं। प्रत्येक उच्च न्यायालय के अपने अधिकार क्षेत्र में बहुत ही अजीबोगरीब शर्तें होती हैं। हम उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश को आदेश जारी नहीं कर सकते हैं कि आप केवल वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर काम करेंगे। इस मामले की बेंच में जस्टिस सूर्यकांत भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कोविड-19 महामारी के दौरान आने वाली गंभीर समस्याओं के मद्देनजर वर्चुअल हियरिंग शुरू की। अब इस मुद्दे को हल करने के लिए इसे उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीशों पर छोड़ दिया जाना चाहिए। पीठ ने कहा, हम नहीं जानते कि कौन सी सुविधाएं उपलब्ध हैं। लोकल बार का स्टैंड क्या है। राज्य सरकार की ओर से किस प्रकार की सहायता उपलब्ध है। इन मुद्दों को प्रशासनिक पक्ष से निपटना होगा। यह उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को तय करने का मामला है। अदालत वकील घनशम उपाध्याय की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसमें बॉम्बे हाई कोर्ट के जनवरी के सर्कुलर को चुनौती दी गई थी, जिसमें कोविड-19 की तीसरी लहर के कारण मुंबई में कामकाज को केवल तीन घंटे तक सीमित कर दिया गया था।



## ये होती है मां की ममता

# धक्का देकर बेटे को बचाया खुद मौत को गले लगाया

**इंदौर, ।** अपनी कलेजे के टुकड़े को बचाने के लिए एक मां अपनी जान पर खेल गई। तेज गति से आ रहे ट्रक को देख मां ने बेटे को तो धक्का देकर बचा लिया, लेकिन खुद ट्रक के नीचे दब गई। जिसने भी यह दृश्य देखा वह सिहर उठा। बेटा लोगों की मदद से ट्रक को उठाने की कोशिश करता रहा, लेकिन वह हिला तक नहीं। कुछ देर बाद जेसीबी की मदद से ट्रक को हटाया गया, लेकिन तब तक मां दम तोड़ चुकी थी। बेबस बेटा मां को देखकर बिलख पड़ा। पुलिस ने ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचएफ 4696 जब्त कर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है देवर दिलीप सिंह सिकरवार ने बताया वह अपनी भाभी 45 वर्षीय राधा पत्नी गोपाल सिंह सिकरवार निवासी गुलावट को बाइक पर बैठाकर शादी में जा रहे थे। शादी कालिंदी गोल्ड सिटी में थी। पीछे भाभी राधा का बेटा अपनी बाइक पर सवार था। लवकुश चौराहे के सिग्नल पर बाइक रोकी। भतीजे की बाइक थोड़ी पीछे रुकी तो भाभी गाड़ी से उतरकर उससे बात करने चली गईं। तभी गेहूं की बोरियों भरा अनियंत्रित ट्रक तेज गति से आया। वह ट्रक टक्कर मारने ही वाला था कि तभी भाभी ने देखा तो बेटे को धक्का मारकर दूर गिरा दिया। ड्राइवर ने ट्रक को सड़क के दूसरी तरफ काटने की कोशिश की, लेकिन ट्रक पलट गया और भाभी की ट्रक के नीचे दबने से मौके पर ही मौत हो गई। कई लोगों ने महिला को बाहर निकालने के लिए ट्रक को उठाने की कोशिश की लेकिन सभी हिम्मत हार गए। इसके बाद सड़क के दूसरी तरफ खड़ी जेसीबी चालक ने देखा तो वह तुरंत आया और जेसीबी से ट्रक को उठाकर महिला को निकाला। कुछ ही देर में पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक जब्त कर लिया है। चालक की तलाश की जा रही है।



## 150 देशों में वैवाहिक दुष्कर्म अपराध

# भारत समेत 32 देशों में नहीं मानते क्राइम

**नई दिल्ली ।**देश में वैवाहिक दुष्कर्म को अपराध घोषित करने की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई चल रही है। यह मुद्दा केवल भारत का नहीं है। दुनिया के 150 देशों में वैवाहिक दुष्कर्म को अपराध की श्रेणी में रखा गया है। वहीं, भारत समेत दुनिया के 32 देश ऐसे हैं जहां वैवाहिक दुष्कर्म अपराध नहीं है।

### अमेरिका में 10 से 14 फीसदी विवाहिताओं से दुष्कर्म

अमेरिका ने पांच जुलाई 1993 को सभी 50 राज्यों में वैवाहिक दुष्कर्म को अपराध घोषित किया था। एक रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका में 10 से 14 फीसदी विवाहित महिलाओं के साथ वैवाहिक दुष्कर्म की घटनाएं होती हैं। एक तिहाई महिलाओं के साथ उनके पति बिना उनकी सहमति के शारीरिक संबंध बनाते हैं।

### ऑस्ट्रिया में सरकार लड़ती है केस

ऑस्ट्रिया में वैवाहिक दुष्कर्म को वर्ष 1989 में आपराधिक घोषित कर दिया गया था। वर्ष 2004 में सरकार ने इसे स्टेट ऑफेंस करार दे दिया। इसके तहत अगर पीड़िता शिकायत नहीं भी करती है तो सरकार इस केस को अदालत में लड़ेगी।

**बेल्जियमः** 1979 में ब्रुसेल्स की अदालत ने वैवाहिक दुष्कर्म को अपराध घोषित किया था। 1989 के बाद इसे रेप के दूसरे मामलों की तरह ही देखा जाने लगा।




# चीन 1962 से ही पैंगोंग झील पर बना रहा पुल

**नई दिल्ली ।**चीन द्वारा पैंगोंग झील पर 1962 से अवैध कब्जे वाले क्षेत्रों में एक पुल का निर्माण किया जा रहा है। विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने शुक्रवार को लोकसभा में यह जानकारी दी है। उन्होंने यह भी कहा है कि भारत सरकार ने इस अवैध कब्जे को कभी स्वीकार नहीं किया। शुक्रवार को संसद के निचले सदन में पैंगोंग झील पर एक नए पुल के निर्माण के एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने पुल पर ध्यान दिया है। सदन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहास सरकार ने चीन द्वारा पैंगोंग झील पर बनाए जा रहे एक पुल पर ध्यान दिया है। इस पुल का निर्माण उन क्षेत्रों में किया जा रहा है जो 1962 से चीन के अवैध कब्जे में हैं। भारत सरकार ने इस अवैध कब्जे को कभी स्वीकार नहीं किया है। सरकार ने कई मौकों पर यह स्पष्ट किया है कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न अंग हैं और हम उम्मीद करते हैं कि अन्य देश भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करेंगे। मंत्री ने यह भी कहा कि भारत सरकार ने अरुणाचल प्रदेश में चीन द्वारा कुछ स्थानों के नाम बदलने की खबरों को नोट किया है। उन्होंने कहा, यह एक व्यर्थ अभ्यास है जो इस तथ्य को नहीं बदलेगा कि अरुणाचल प्रदेश हमेशा भारत का अभिन्न अंग रहा है, है और रहेगा।।

**38 हजार वर्ग किमी जमीन पर भी कब्जा**

## श्रीनगर मुठभेड़ में लश्कर के दो आतंकी ढेर, हथियार बरामद

श्रीनगर। श्रीनगर में आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ में दो आतंकियों को ढेर कर दिया गया है। आईजीपी कश्मीर ने बताया कि इस मुहिम को श्रीनगर पुलिस ने अंजाम दिया है। आईजीपी ने बताया कि मुठभेड़ में मारा गया एक आतंकी अखलाक हाल ही में अनंतनाग में हेड कॉन्स्टेबल अली मोहम्मद की हत्या में शामिल था। मारे गए आतंकियों से कुछ सामग्री और 2 पिस्तौल बरामद की गई हैं।

## पेरू के नाजका लाइन के पास टूरिस्ट प्लेन क्रैश हुआ, 7 की मौत

**पेरू ।** नाजका लाइन के पास एक पर्यटक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में विमान में सवार 7 लोगों की मौत हो गई। न्यूज एजेंसी से मिली जानकारी के अनुसार, विमान नाजका लाइनों के दौरे के लिए पर्यटकों को ले जा रहा था। पेरू सरकार के एक अधिकारी ने कहा कि विमान शहर के एक हवाई क्षेत्र के पास गिरा है। वहीं, विमान के मालिक एयरो सैंटोस के मुताबिक, विमान एक पायलट और एक को-पायलट समेत कुल 5 पर्यटक सवार थे। मरने वाले पर्यटक किस देश के हैं, ये अभी पता नहीं चल पाया है।

# सांसद से मेडिकल कालेज की आस

**कटनी।** किसी दूसरे शहर में मेडिकल कालेज एम्स आदि की स्थापना के समाचार नि: संदेह कटनी वासियों को दुख पहुंचाते हैं। लिहाजा जब जब सांसद विष्णुदत्त शर्मा का कटनी प्रवास होता है मेडिकल कालेज की यह मांग फिर से उठ खड़ी होती है। हालांकि सांसद भी इसे लेकर गंभीरता से प्रयास की बात कहते हैं लेकिन कब और कैसे यह जवाब नहीं मिल पाता। आज भी कटनी पहुंचने पर यह मांग फिर से जाग्रत हुई। खास तौर पर तब जब मध्यप्रदेश का भी बजट आने वाला है और सौभाग्य है कि कटनी प्रदेश के वित्तमंत्री कटनी जिले के प्रभारी मंत्री भी हैं। लोगों का कहना था कि मेडिकल कॉलेज की सौगात जल्द मिलने की संभावनाओं के बीच अब यह मांग भी प्रबल होती जा रही है कि इसमें अब और विलंब नहीं हो। मध्यप्रदेश भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष और स्थानीय सांसद वीडी शर्मा कटनी को मेडिकल कॉलेज की सौगात जल्द दिलाने की बात पहले भी कटनी दौरे के समय भी कह चुके हैं। इस बीच कटनी में मेडिकल की पढ़ाई के लिए उत्साहित छात्रों से लेकर उनके अभिभावकों की यही मांग है कि मेडिकल कॉलेज खोलने में विलंब नहीं किया जाए। जो भी प्रक्रियाएं है उसे समय रहते पूरा किया जाए। मध्यप्रदेश के छोटे जिलों में मेडिकल कॉलेज के भवन बनने शुरू हो गए हैं। ऐसे में कटनी में मेडिकल कॉलेज की सौगात मिलेगी तो समीपी जिला उमरिया, पन्ना के रहवासियों को भी लाभ मिलेगा। कटनी जिला स्वास्थ्य के क्षेत्र में समृद्ध होगा।

**प्रशासन द्वारा चिन्हित जमीन**



### कटनी में मेडिकल कॉलेज के लिए झिंझरी में प्रशासन ने चिन्हित की है 25 एकड़ जमीन

आपको बता दें कि कटनी जिला प्रशासन ने मेडिकल कालेज के लिए जमीन चिन्हित की है। लेकिन इसकी अनुमति तथा बजट प्रावधान के बिना कुछ भी नहीं हो सकता पर इसे एक कदम के रूप में देखा जाए तो सुकून मिलता है। लिहाजा इसे लेकर सांसद की तरफ सभी उम्मीद भरी निगाह से देख रहे हैं। खास तौर पर तब जब प्रदेश के वित्तमंत्री कटनी जिले के प्रभारी मंत्री भी हैं।

### केन्द्रीय विद्यालय की भी जगी है आस

केंद्रीय विद्यालय को लेकर भी सांसद व्ही डी शर्मा से उम्मीद जगी है। इसकी पूरी औपचारिकता हो चुकी हैं पर मामला भवन में लटका है। इसे लेकर शिक्षा विभाग ने कुछ शासकीय स्कूल भी देखे हैं पर अभी बात बनी नहीं है। केन्द्रीय विद्यालय फिलहाल रेलवे तथा आयुध निर्माणी का चल रहा है जहां आम अभिभावक बच्चों के एडमीशन को लेकर परेशान रहते हैं ऐसे में जिले के लिए एक केन्द्रीय विद्यालय जरूरी है।

# 4 सौ करोड़ से होगा कटनी–सिंगरौली रेल लाइन का दोहरीकरण



**कटनी।** सिंगरौली से कटनी के मध्य रेलवे के चल रहे दोहरीकरण कार्य में अब और तेजी आने की संभावना है। रेल बजट 2022–23 में इस कार्य के लिये 400 करोड़ रुपये का आबंटन किया गया है। पश्चिम मध्य रेलवे की पिंक बुक का हवाला देते हुए पमरे के महाप्रबंधक एस के गुप्ता ने वर्चुअल कान्फ्रेंस में बताया कि नेट प्लान आउट ले में काफी इजाफा किया गया है। बीते वित्त वर्ष 2021–22 में 2603 करोड़ की तुलना में इस साल बढ़ाकर 4228 करोड़ रुपये कर दिया गया है। नतीजतन रेलवे की आधारभूत संरचना के कराये जा रहे कार्यो को और तेजी से कराने में मदद मिलेगी। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी राहुल जयपुरियार ने बताया कि कुल 1600 करोड़ रुपये अधिक बजट में मिले है जिसमें दोहरीकरण और तिहरीकरण कार्य के लिये 426 करोड़ व नई रेल लाइनों के निर्माण के लिये 1200 करोड़ का प्राविधान किया गया है। कटनी से सिंगरौली के बीच 257 किलोमीटर रेलवे लाइन के दोहरीकरण को चार सौ करोड़ के अतिरिक्त कटनी ग्रेड सेपरेटर वायडक्ट (35 किमी) पर रुपये 300 करोड़ खर्च होंगे इससे कटनी पर लोड कम होगा और भोपाल व जबलपुर रूट पर ट्रेनों की आवाजाही बढ़ायी जा सकेगी। सिंगरौली से डाल्टेनगंज के बीच भी चल रहे पूर्व मध्य रेलवे के दोहरीकरण कार्य तेजी से जारी है और उम्मीद है कि शीघ्र ही दोहरी करण कार्य मुक्कमल होते ही वाया चोपन–सिंगरौली कई महत्वपूर्ण ट्रेन स्थीनय जनता को हासिल होंगी।

## थाने में हुई शांति समिति की बैठक



**कटनी/बरही।** बरही नगर में शांति समिति के सदस्यों, वरिष्ठ नागरिकों की बैठक का आयोजन थाना परिसर में किया गया। बैठक में नवागत थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद जैन से भेंट की। इस दौरान नगर में अपराधों की रोकथाम, अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई कर कानूनी कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया। नगर के प्रमुख चौराहा कमानिया चौक के चारों ओर लगने वाली सड़क किनारे दुकानों ठेलों से यातायात की अव्यवस्था, ऑटो चालकों द्वारा मनमाने तरीके से कहीं पर भी ऑटो खड़ी करते हुए रास्ता अवरुद्ध करने पर कार्रवाई, शराबखोरी आदि की समस्याओं के बारे में बताया। टीआई ने अधिनस्थ स्टाफ को अभियान चलाकर उक्त समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देशित किया। इस दौरान इस दौरान लालजी प्रसाद मिश्रा, सरमन सोनी, वरिष्ठ अधिवक्ता बृजराज सिंह परमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष केशव प्रसाद यादव, ब्लॉक कांग्रेस संजय बिलौहा, राजेंद्र सोनी, जमुना प्रसाद यादव, लवकुश प्रताप बघेल, के आर दुबे आदि मौजूद रहे।

# कटनी सिंगरौली मेमू फिर से शुरू होगी

**कटनी।** यात्रियों के लिए राहत की खबर है। ट्रैक की मरम्मत की वजह से रद्द की गई मेमू ट्रेनों को रेलवे फिर से शुरू करने जा रहा है। जबलपुर रेल मंडल ने कटनी से सिंगरौली के बीच चलने वाली मेमू ट्रेन को फिर से चलाने की तैयारी शुरू कर दी है। यह ट्रेन 7 फरवरी से अपने निर्धारित समय पर चलेगी।




### काम पूर्ण हो जाने के बाद इस ट्रेन को फिर शुरू किया जा रहा

ट्रेन को बंद करने की वजह से नियमित यात्रा करने वाले यात्री परेशान थेए लेकिन अब रेलवे ने राहत देते हुए मेमू ट्रेनों को फिर से चलाना शुरु कर दिया है। इस कड़ी में पहली शुरुआत कटनी से सिंगरौली के बीच चलने वाली मेमो ट्रेन से हुई है। इस संबंध में मंडल वाणिज्य प्रबंधक देवेश कुमार सोनी ने बताया कि कटनी से बरगवां के बीच चलने वाली मेमू ट्रेन नंबर 06623 और 06624, को नान इंटरलाकिंग की वजह से दो जनवरी से 10 फरवरी तक के लिए निरस्त किया गया था। काम पूर्ण हो जाने के बाद इस ट्रेन को फिर शुरू किया जा रहा है। वहीं जबलपुर.नरसिंहपुर रेलखंड पर रेलवे गेट क्रमांक 294 की अप एवं डाउन लाइन पर ट्रैक अनुरक्षण के कार्य की वजह से इस फाटक को आज सुबह 8 से 7 फरवरी को शाम 5. 00 बजे तक के लिए इसे बंद किया जा रहा है। यहां से वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद रही। इस दौरान रोड ट्रैफिक को नजदीक के रेल फाटक क्रमांक 292 293 और बगासपुर मार्ग से निकलने की वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। आपको बता दें कि फिलहाल कटनी सेक शन में विभिन्न वजहों से ट्रेने रद्द की गई हैं। इससे यात्री काफी परेशान है खास तौर पर कटनी बिलासपुर सेक सन पर।

## मोटर साइकिलें आमने-सामने टकराई

**दोनों चालक घायल**

**कटनी।** उमरियापान थाना क्षेत्र के अंधेली बाग तिराहा में शुक्रवार को दो मोटरसाइकिलों की आपस में आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। घटना में दोनों बाइक सवारों को चोट पहुंची हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को उमरियापान अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। थाना प्रभारी गणेश प्रसाद विश्वकर्मा ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम बिछिया निवासी 18 वर्षीय दीनदयाल पिता चन्द्रभान पटेल मोटरसाइकिल क्रमांक एम.पी.20एमएक्स-2651 से उमरियापान आ रहा था। वहीं परसेल निवासी अमित पिता बद्री राय मोटर सायकल क्रमांक एम.पी.65एम-3675 भी उमरियापान आ रहा था। इस दौरान दोनों बाइक चालक अंधेली बाग तिराहा में आमने-सामने से भिड़ गए। घटना में दोनों को चोट पहुंची। दोनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने एक.दूसरे के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

**एक की मौत, दूसरा गंभीर, जिला अस्पताल में भर्ती, ढीमरखेड़ा के खम्हरिया गांव में दर्दनाक हादसा**

# बाइक में सड़क किनारे खड़े युवकों को हाइवा ने रौंदा




**कटनी/उमरियापान।** ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत ग्राम खम्हरिया के समीप मुख्य मार्ग पर रेत से भरे एक हाइवा के चालक ने सड़क किनारे खड़े दो बाइक सवारों को रौंद दिया। जिसके कारण एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी लगते ही ढीमरखेड़ा पुलिस मौके पर घटनास्थल में पहुंचकर कार्रवाई शुरू किया। उपनिरीक्षक अश्वनी यादव ने बताया कि ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के सिंघनपुरी के सर्रा निवासी 27 वर्षीय सपन कुजूर और 32 वर्षीय राघवेंद्र सिंह परमार दोनों शुक्रवार को खम्हरिया गांव के मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे बाइक में खड़े थे। इसी दौरान विलायतकला की तरफ से आ रहे रेत से भरे हाइवा क्रमांक एम.पी. 21एच-1343 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए दोनों युवकों को रौंद दिया। घटना इतनी भयानक रही कि हाइवा की चपेट में आने से सिंघनपुरी निवासी सपन कुजूर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसका साथी राघवेंद्र सिंह परमार गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों को उमरियापान अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने राघवेंद्र सिंह को जिला चिकित्सालय कटनी के लिए रिफर कर दिया गया है। थाना प्रभारी विजय सिंह बघेल ने बताया कि आवश्यक कार्रवाई के बाद पुलिस ने मृतक युवक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के हवाले कर दिया है। पुलिस मर्ग कायम करते हुए मामले की जांच में जुटी है। इसके साथ ही पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले हाइवा को जप्त कर लिया है और चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला भी दर्ज कर लिया है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से चार मजदूर घायल

**कटनी।** बहोरीबंद थाना के अंतर्गत ग्राम कुआं में वेयरहाउस से मजदूरी कर लौट रहे मजदूरों को अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल में सवार चार व्यक्तियों को टक्कर मार दी है। इस हादसे में बहोरीबंद थाना अंतर्गत ग्राम नीमखेड़ा के रिंकू जायसवाल और उसके पिता और दो साथी गंभीर रूप से हुए घायल हुए है। अज्ञात वाहन मौके से फरार हो गया। मोटरसाइकिल क्रमांक एम.पी.20 एनएस-5096 राहगीरों ने 108 को दी सूचना घंटों तड़पते रहे। लोगों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहोरीबंद में भर्ती कराया गया, जहां पर हालत गंभीर होने पर जबलपुर रिफर किया गया है।

**नीरज सिनेप्लेक्स में**




अंतिम 5 दिन
रोजाना 3 शो ता. 14 से दोपहर 12,3 एवं 6 बजे से
PUSHPA
(हिन्दी में)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।
टिकट दर- बॉक्स- 120/-, बालकनी क्लास-100/- अपर क्लास-80/-, लोवर क्लास -60/-

**सिटी मॉल बरही रोड में**
अंतिम 5 दिन
रोजाना 3 शो ता. 28 से 1,4 एवं सायं 7.30 बजे से




PUSHPA (हिन्दी में)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।

# मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर मनाई गई बसंत पंचमी

## स्कूलों तथा मंदिरों में सुबह से ही आराधना का क्रम,कई जगह हवन–पूजन



**कटनी।** बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर आज संपूर्ण जिले में विविध कार्यक्रम आयोजित किये गए। स्कूलों तथा मंदिरों में मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। वीणापाणी की पूजा अर्चना माघ मास शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि शनिवार पांच फरवरी को ज्ञान की देवी मां सरस्वती का प्राकट्य दिवस मनाया जाएगा। पौराणिक मान्यता है कि वाग्देवी मां सरस्वती की आराधना और ज्ञान के महापर्व को वसंत पंचमी के रूप में जाना जाता है। ज्योतिष विशेषज्ञ ने बताया कि माघ शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि प्रात:काल 6.43 से पुण्य काल शुरू हो जाएगा जो मध्यान्ह तक रहेगा। इस दिन यायिक, रवि और सिद्ध योग में मां सरस्वती और तक्षक की पूजा करने का विधान बना है। साल की छह ऋतुओं में वसंत के आगमन पर माघ शुक्ल पक्ष पंचमी पर्व पर भगवान विष्णु और कामदेव की पूजा भी की जाती है। विद्या, बुद्धिदाता, सरस्वती, वाघेश्वरी देवी, वीणा वादिनी, वाग्देवी आदि नामों से पूजा जाता है। संगीत की उत्पत्ति करने के कारण संगीत की देवी के जन्मोत्सव को भी वसंत पंचमी के रूप में मनाया जाता है। कटनी में जालपा मंढ़िया स्थित मां सरस्वती की प्रतिमा के दर्शन करने वालों की संख्या भी काफी अधिक थी। इसी तरह गायत्री मंदिर पियूष स्कूल के पास विशेष हवन पूजन किया गया।



**केन्द्र तथा राज्य सरकार ने मंगाई पूरी जानकारी**

## संवरेगी कटनी में सम्राट अशोक से जुड़ी धरोहरें

**कटनी।** कटनी जिले में सम्राट अशोक से जुड़ी ऐतिहासिक धरोहरों को संवारा जाएगा इस बारे में सरकार ने पूरी जानकारी मंगाई है। संस्कृति मंत्रालय के साथ केन्द्र के संस्कृति मंत्री ने भी इसे लेकर रूचि दर्शाई है। इस क्रम में सबसे पहले इसे देश की ऐतिहासिक धरोहर के रूप में पहचान बनाने पर्यटन विभाग की प्रमुख पर्यटन स्थल की सूची में शामिल किया जाएगा। आपको बता दें कि सम्राट अशोक द्वारा ईश्वी 232 पूर्व शिलालेख के माध्यम से इंसानों को इंसानियत की सीख देती शिलालेख हो या दसवीं शताब्दी में कल्चुरी कॉलीन राजाओं की नगरी बिलहरी में कामकंदला किला से लेकर पुरातात्विक महत्व का विजयराघवगढ़ के कारीतलाई स्थित भगवान विष्णुवराह मंदिर। कटनी जिले में ऐसे कई एतिहासिक धरोहर हैं जो पर्यटन के क्षेत्र में जिले को देश के नक्शे पर प्रमुख



स्थान पर ला सकती हैं। दरकार है इन स्थानों को चिन्हित कर टूरिस्ट सर्किट के रूप में विकसित करने की। जिससे सैकड़ों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर तैयार हो सके। इस बारे में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के मंडल कार्यालय जबलपुर के सुपरिटेंडेंट ऑर्कियोलाजिस्ट डॉ. शिवाकांत वाजपेयी बताते हैं कि कटनी जिले में पुरातत्व महत्व की कई एतिहासिक धरोहर है। रूपनाथ मंदिर स्थित सम्राट अशोक के संदेश देती शिलालेख तो इस स्थान को दुनियाभर के चुनिंदा स्थानों पर ला खड़ा करती है। बिलहरी की किला हो या कारीतलाई स्थित पुरातत्व महत्व की धरोहर। सभी स्थानों पर अब हम संरक्षित करने की ओर आगे बढ़ रहे हैं। पहले चरण में जर्जर स्थानों को संरक्षित किया जाएगा और दूसरे चरण में दुर्लभ मूर्तियों को उचित स्थान पर संरक्षित किया जाएगा।

## अधिवक्ता पर भतीजे ने किया जानलेवा हमला

**पारिवारिक विवाद को लेकर न्यायालय परिसर में वारदात**

**अधिवक्ताओं ने आरोपी को पकड़कर किया पुलिस के हवाले**

**कटनी।** झिंझरी स्थित जिला न्यायालय में शुक्रवार की दोपहर एक युवक ने वकील के ऊपर हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। जिसे उपचार के जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अधिवक्ता सुनील कुमार उमाहिया पर दापेहर एक बजे भतीजे ने नुकीले हथियार से हमला करके घायल कर दिया। कार्यालयीन समय के दौरान सभी अधिवक्ता अपना कार्य कर रहे थे, तभी पलाश उमाहिया नामक युवक वहां पहुंचा और धारदार हथियार से अधिवक्ता सुनील कुमार उमाहिया के चेहरे, गर्दन और कान के पास कई वार किए। जिससे अधिवक्ता गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी लगने के बाद सभी अधिवक्ताओं ने आनन–फानन में उन्हें जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे और आरोपी युवक पलाश उमाहिया को पकड़कर माधवगनर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। घटना का कारण पारिवारिक विवाद बताया जा रहा है। अधिवक्ताओं ने सुनील कुमार उमाहिया दोपहर में अधिवक्ता कक्ष की तरफ जा रहे थे। तभी पहले से ही घात लगाकर पलाश उमाहिया ने हमला कर दिया। अधिवक्ता को 108 वाहन से उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया। घटना के समय पलाश उमाहिया की मां भी मौजूद थी। इस घटना से चिंतित जिला अधिवक्ता संघ प्रतिनिधि मंडल ने सुरक्षा के मद्देनजर कटनी जिला न्यायालय कटनी में मुख्य गेट पर दो आरक्षक सहित एसआई की तैनाती की मांग की है। घटना की खबर लगने पर एसएसपी मनोज केडिया, सीएसपी शालिनी परस्ते, कोतवाली टीआई अजय बहादुर सिंह, झिंझरी पुलिस चौकी प्रभारी रश्मि सोनकर भी पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक प्रबंध करने कहा।



यश भारत
सिटी न्यूज
कटनी, शनिवार, 05 फरवरी 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# कटनी ग्रेड सेपरेटर के लिए मिले 300 करोड़

**रेल बजट में 12 सौ करोड़ से अधिक का प्रावधान, आने वाले समय में यात्रियों को मिलेंगी कई सौगातें**

**कटनी।** रेल मंत्रालय द्वारा रेलवे बजट में कटनी जंक्शन के लिए कई सौगातें दी गई है। जिसका फायदा आगामी समय में यात्रियों को मिलेगा। जिसमे 257 किलोमीटर लंबे कटनी-सिंगरौली रेलखंड के दोहरीकरण के लिए 400 करोड़ रुपये, झलवारा से मझगवां के बीच बन रहे कटनी ग्रेड सेपरेटर वायडक्ट के लिए 300 करोड़ रुपये एवं न्यू कटनी जंक्शन में सेंट्रलाइज्ड व्हील सेट मेंटेनेंस फेसीलिटी के लिए 14 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। उम्मीद की जा रही है कि रेल मंत्रालय द्वारा स्वीकृत की गई राशि से कटनी जिले में रेलवे के विकास कार्यों में गति आएगी। इसी तारतम्य में पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता द्वारा विगत दिवस पमरे मुख्यालय में वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी देते हुए बताया गया कि पमरे को 2022-23 के बजट में नेट प्लान आउटले 4,228 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जबकि पिछले वर्ष 2021-22 में नेट प्लान आउटले कुल रुपये 2603 करोड़ था। इस प्रकार रुपये 1600 करोड़ से अधिक बजट प्राप्त हुआ है। इस वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य जनसंपर्क अधिकारी राहुल जयपुरियार द्वारा पश्चिम मध्य रेल के बजट 2022-23 के मुख्य बिंदुओं पमरे पिंक बुक की हाईलाइट्स को पीपीटी के माध्यम से प्रकाश डाला गया। पश्चिम मध्य रेल के बजट 2022-23 के मुख्य बिन्दु पमरे पिंक बुक की हाईलाइट्स में कटनी जिले में चल रहे कई विकास और निर्माण कार्य शामिल है।

### इन कार्यों के लिए मिली करोड़ों की राशि

रेल बजट में नई लाइनों के निर्माण के लिए 1200 करोड़ रुपये, दोहरीकरण एवं तिहरीकरण के लिए 426 करोड़ रुपये, ट्रैफिक फेसीलिटिस एवं यार्ड रिमॉडलिंग के लिए 107.66 करोड़ रुपये, रोड सेफ्टी वर्क लेवल क्रॉसिंग के लिए 34.32 करोड़ रुपये, रोड सेफ्टी वर्क आरयूबी, आरओबी के लिए 476.29 करोड़ रुपये, ट्रैक रिन्यूवल के लिए 539.98 करोड़ रुपये, ब्रिजों वर्क, टनल वर्क के लिए 45 करोड़ रुपये, सिगनल एंड टेलीकम्युनिकेशन 151.99 करोड़ रुपये, इलेक्ट्रिकल वर्क टीआरडी 27.45 करोड़ रुपये, वर्कशॉप के लिए 72.50 करोड़ रुपये, स्टॉफ वेल्फेयर 28.68 करोड़ रुपये शामिल है।

### एक नजर इधर भी

कटनी-बीना तीसरी लाइन के लिए 410 करोड़ रूपए।
सतना-रीवा के लिए 101 करोड़ रुपये।
कटनी-सिंगरौली दोहरीकरण के लिए 400 करोड़ रुपये।
कटनी ग्रेड सेपरेटर वायडक्ट के लिए 300 करोड़ रुपये।
एनकेजे में सेंट्रलाइज्ड व्हीलसेट मेंटेनेंस फेसीलिटी के लिए 14 करोड़।
कटनी केबिन यार्ड के ढांचे में परिवर्तन 1 करोड़।
एनकेजे यार्ड के ढांचे में परिवर्तन के लिए 30 लाख रुपए।
कटनी-सिंगरौली समपार संख्या 105 पर ओवरब्रिज के लिए 1 करोड़।
कटनी-बीना समपार संख्या 26 पर उपरीपुल के लिए 50 लाख।
कटनी-जबलपुर समपार संख्या 319 पर उपरीपुल के लिए 50 लाख।
कटनी-बीना समपार 102 पर उपरीपुल के लिए 2 करोड़ रुपए।
कटनी-बीना समपार संख्या 70 पर उपरीपुल के लिए 50 लाख रुपए।
बीना-कटनी डाउन सीटीआर के लिए ढाई करोड़ रुपए।
कटनी-सिंगरौली एकल सीटीआर के लिए 2 करोड़ रुपए।
जबलपुर-कटनी रेल पथ नवीनीकरण के लिए 1 करोड़ 61 लाख।

### दोहरीकरण एवं तिहरीकरण के लिए भी मिली राशि



इसके अलावा प्रमुख परियोजनाओं और नई लाइनों के निर्माण के लिए भी करोड़ों रूपए की राशि का प्रावधान किया गया है। जिसमे कटनी से बीना के बीच 279 किलोमीटर रेलखंड में तीसरी लाइन के निर्माण के लिए 410 करोड़ रूपए, सतना-रीवा 450 किमी के लिए 101 करोड़ रुपये, कटनी-सिंगरौली 257 किमी दोहरीकरण के लिए 400 करोड़ रुपये, कटनी ग्रेड सेपरेटर वायडक्ट 35 किमी के लिए 300 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसी तरह न्यू कटनी जंक्शन में सेंट्रलाइज्ड व्हील सेट मेंटेनेंस फेसीलिटी के लिए 14 करोड़ रुपये, पश्चिम मध्य रेल पर नए आरओबी, आरयूबी के लिए 200 करोड़ रुपये, पश्चिम मध्य रेल पर ट्रैक रिन्यूवल के लिए 600 करोड़ से अधिक एवं पश्चिम मध्य रेल के ब्रिजों, टनलों, स्लोप प्रोटेक्शन एंड इंस्ट्रूमेंटेशन, मॉनिटरिंग के लिए 100 करोड़ का कार्य स्वीकृत किया गया है।

# मेगा ब्लाक से परेशान हुए यात्री

## शटल नहीं आई, रीवा इंटरसिटी जबलपुर नहीं गई, कई ट्रेनों के बदले मार्ग

**हिरन नदी पुल पर किया गया स्पॉन रिगार्डिंग कार्य**

**कटनी।** कटनी-जबलपुर रेलखंड के सिहोरा स्टेशन के समीप हिरन नदी पुल पर स्पॉन रिगार्डिंग कार्य के चलते आज इस रूट पर 6 घंटे का मेगा ब्लॉक रहा। मेगा ब्लॉक के चलते जबलपुर से कटनी के बीच चलने वाली आधा दर्जन ट्रेनें प्रभावित रहीं, जिसमे जबलपुर से रीवा के बीच प्रतिदिन चलने वाली शटल को रद्द करना पड़ा तो इटारसी-कटनी मेमू जबलपुर से कटनी के बीच आंशिक निरस्त रही और रीवा से कटनी हड़ोकर जबलपुर तक जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस को कटनी में ही टर्मिनेट करना पड़ा। यह गाड़ी अब शाम को कटनी से रीवा के लिए प्रस्थान करेगी। इसके अलावा करीब आधा दर्जन ट्रेनों को कटनी से बीना, इटारसी होकर चलाया जा रहा है। ट्रेनों के प्रभावित होने की वजह से यात्रियों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा। गौरतलब है कि कटनी-जबलपुर रेलखंड के सिहोरा स्टेशन के समीप हिरन नदी पुल पर स्पॉन रिगार्डिंग कार्य के चलते आज सुबह 10 बजे से 6 घंटे का मेगा ब्लाक लिया गया था। जिसके चलते डाउन ट्रैक में 6 घंटे 10 मिनट एवं अप लाइन में 5 घंटे 10 मिनट तक रेल परिचालन बंद रहा। इस दौरान डुंडी-सिहोरा एवं सिहोरा-गोसलपुर के बीच ओएचई बाधित रही।

### इन ट्रेनों पर पड़ा असर

जानकारी के मुताबिक मेगा ब्लाक के चलते गाड़ी नंबर 11705 जबलपुर रीवा शटल एवं रीवा जबलपुर शटल 11706 को रद्द कर दिया गया। 3 यात्री गाड़ियों को इस मेगा ब्लॉक के चलते शार्ट टर्मिनेट किया गया, जिसमे गाड़ी नंबर 22189 रीवा जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस एवं गाड़ी नंबर 11265 अंबिकापुर जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस को कटनी में टर्मिनेट कर कटनी से ही वापस चलाया गया। इसके अतिरिक्त इटारसी से कटनी के बीच चलने वाली मेमू ट्रेन नंबर 06619 भी जबलपुर में आकर समाप्त हुई। वापसी में भी यह ट्रेन जबलपुर से इटारसी के बीच चलेगी। मेगा ब्लॉक के कारण पांच गाड़ी यात्री गाड़ियों के मार्ग परिवर्तित किए गए, इनमें दानापुर से पुणे जाने वाली ट्रेन नंबर 12150 तथा ट्रेन नंबर 11062 पवन एक्सप्रेस को कटनी स्टेशन से सागर, बीना, इटारसी खंड से चलाया गया। कुर्ला से पटना जाने वाली जनता एक्सप्रेस नंबर 13202 तथा उधना से बनारस के बीच चलने वाली ट्रेन नंबर 20929 एवं कुर्ला रांची एक्सप्रेस नंबर 18610 को इटारसी होकर भोपाल मार्ग से बीना, सागर मार्ग से चलकर कटनी से सतना मार्ग से गंतव्य की ओर रवाना किया गया।

### रीठी कॉलेज में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



कटनी। राजीव गांधी कॉलेज कैंपस में स्थित साईं सिद्ध मंदिर में 3 फरवरी को नस विशेषज्ञ डॉ पी के खरे की उपस्थिति में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। इसके पहले साईं बाबा की महाआरती एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र राजपूत, डॉ. मनोज खरे, डॉ. श्रीमती ज्योति राजपूत, डॉ. वीरेन्द्र राजपूत, संतोष केवट, भोला प्रसाद मिश्रा, सतीश तिवारी अरविन्द मेहरा, बराती लाल की उपस्थिति रही।




# यात्रियों को अंधेरे में रखकर की जा रही बिजली की बचत

## मुड़वारा स्टेशन में ट्रेन आने के बाद चालू की जा रही लाइट्स



**कटनी।** मुड़वारा रेलवे स्टेशन में मुसाफिरों को अंधेरे में रखकर बिजली की बचत की जा रही है। जिसकी वजह से यात्रियों को अंधेरे में रहकर ही ट्रेन का इंतजार करना पड़ रहा है। यात्रियों ने बताया कि मुड़वारा रेलवे स्टेशन में जब तक ट्रेन प्लेटफार्म पर नहीं आ जाती, तब तक लाइट चालू नहीं की जाती। कल शुक्रवार को भी कुछ ऐसा ही हुआ। जबलपुर से चलकर हजरत निजामुद्दीन तक जाने वाली मप्र संपर्क क्रांति एक्सप्रेस के आने के पहले मुड़वारा स्टेशन में करीब एक घंटे तक यात्री अंधेरे में रहे। ट्रेन जब प्लेटफार्म क्रमांक 5 पर आने लगी, तब बिजली आपूर्ति सुचारू की गई। यात्रियों का कहना है कि अंधेरे की वजह से कई तरह की घटनाएं घटित हो सकती है। वरिष्ठ अधिकारियों को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

# साईं सिद्ध मंदिर रीठी की चतुर्थ वर्षगांठ 12 को

**कटनी।** राजीव गांधी महाविद्यालय रीठी साईंधाम शिवनगर में स्थित साईं सिद्ध मंदिर की चतुर्थ वर्षगांठ प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आगामी 12 फरवरी को धूमधाम से मनाई जा रही है। इस अवसर पर प्रातः 11 बजे से अभिषेक पूजन एवं दोपहर 1 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के आयोजक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र राजपूत एवं उप प्राचार्य डॉ. मनोज खरे ने समस्त धर्मप्रिय जनता से इस धार्मिक अनुष्ठान में पहुंचकर पुण्यलाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

**कार्यालय नगर परिषद कैमोर, जिला-कटनी (म.प्र.)**
E-Mail- cmokemore@mpurban.gov.in- Phone No. 07626-272353
क्रं./1671/लो.नि.शा./न.परि./2022 कैमोर, दिनांक-04/02/22

**//अंतिम अवसर सूचना//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, भारत के माननीय प्रधानमंत्री जी, की सबसे लोकप्रिय योजना प्रधानमंत्री आवास योजना (सबके लिए आवास) 2022, मार्च 2022 में समाप्त होने वाली है। अतः समस्त नागरिकों से अनुरोध है कि, नगर परिषद कैमोर अंतर्गत यदि कोई ऐसा नागरिक जिसके पास स्वयं की भूमि हो, भारत वर्ष में कहीं भी पक्का मकान न हो एवं आयकरदाता न हो वह दिनांक 10/02/2022 तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन शपथ पत्र सहित प्रस्तुत कर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

**आवश्यक दस्तावेज-** 1- भू-स्वामित्व के अभिलेख (रजिस्ट्री, शासन द्वारा प्रदाय पट्टा, रजिस्टर्ड दानपत्र, रजिस्टर्ड वसीयतनामा, तत्कालीन खसरे की प्रमाणित प्रति, खरीदी/इकरारनामा)। 2- मकान टैक्स रसीद। 3- समग्र परिवार आई.डी.। 4- कच्चे मकान/खाली रिक्त भूमि के सामने पति-पत्नी की संयुक्त फोटो- 5- बैंक पासबुक की फोटोकॉपी। 6- 100/- रूपए के स्टाम्प पेपर में निर्धारित प्रारूप का शपथ पत्र। नोट :- अधिक जानकारी हेतु कार्यालयीन कक्ष क्रमांक- 03 में संपर्क करें, समय-सीमा के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। सावधान- कृपया बिचौलियों से सतर्क रहें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु किसी भी व्यक्ति को व्यक्तिगत रूप से राशि प्रदान न करें।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर परिषद कैमोर, जिला- कटनी (म.प्र.)**

**बेचना है**
आवासीय भूखंड क्षेत्रफल 56.5x वर्गफुट डायवर्टेड झिंझरी पुलिस लाइन के पास विक्रय करना है। वास्तविक खरीददार संपर्क करें
मो. 9329818900

**JOB OPENING**
Requirement/skills
1. Tally, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
**The Dinesh Goods Transport Co.**
**Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni m.p.**
**For Application**
Contact- Ayush Jain
**Mo. 8989020207**

**बेचना है**
द्वारका सिटी, बरगवां कटनी में पानी की टंकी के पास मकान नं. 236, 237 बेचना है। प्रत्येक 480 वर्गफुट का स्वतंत्र मकान छत सहित। एक कमरा, किचिन, लेटबाथ, के साथ बरामदा (क्लोज) तत्काल बेचना है। शीघ्र संपर्क करें-
मो. 9977761441
9425859026

निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता के लिए समर्पित यशभारत के सफलतम 15 वर्ष पूर्ण होने एवं शानदार 16 वें वर्ष में प्रवेश पर
हार्दिक शुभकामनाएं
अंकुर अग्रवाल
ठेकेदार
सप्लायर
बरही-कटनी



**किराये से देना है**
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

**सी. आर. एम.**
**डे केयर क्लीनिक**
Dr
**डॉ. एस. के. शर्मा,** एमडी (मेडिसिन)
वरिष्ठ चिकित्सा एवं छाती रोग विशेषज्ञ
पूर्व सिविल सर्जन, जिला अस्पताल
कटनी (म.प्र.) मो. 9425158548
सुबह 12 से सायं 4 बजे एवं रात्रि 7 बजे से रात्रि 8 बजे तक
(रविवार अवकाश)
**डॉ. अभिषेक शर्मा (एमबीबीएस)**
डिप्लोमा इन कार्डियोलॉजी (पी.जी.डी.सी.सी.) फेलोशिप इन डायबिटिस, हृदय एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ, पूर्व फीजिशियन जिला अस्पताल
कटनी म.प्र. मो. 8826395999 -
परामर्श समय : सुबह 10:30 बजे से दोपहर 04:30 बजे एवं सायं 06:30 बजे से रात्रि 08:30 बजे तक एवं रविवार प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक
सुविधाएं- ई.सी.जी., टी.एम.टी./ट्रेड मिल टेस्ट, इकोकार्डियोग्राफी, एक्सरसाइज स्ट्रेस इकोकार्डियोग्राफी डोबुटामिन स्ट्रेस इकोकार्डियोग्राफी एवं एक्सरे, पैथोलॉजी, पी.एफ.टी. (फेफड़े की जांच)
पता- डॉ. शर्मा तिराहा, बिहारी सोनी मार्केट, पुरानी बस्ती, आजाद चौक, कटनी, (म.प्र.) फोन- 07622-225824, 8826395999

**देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक**
**डॉ. कनिका अग्रवाल**
M.B.B.S. D.D.V.
(Mumbai)
सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई
कील मुहाँसे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टेनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोराएसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर
मिलने का समय-सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274



**JOHNSON**
Not just tiles, Lifestyles.
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
**समर्थ**
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

**Hire Vintage Car for Wedding**
ROYAL VINTAGE
for Bride-Groom Entry & Auspicious Program
**Vintage Car Rent**





Contact us @ Katni : Mr. Ajay 9754005830, 957579008

एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।



Our Specialist
**डॉ.एस.के.सिंह**
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक-
पोद्दार हॉस्पिटल , कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।
आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM
mgm HOSPITAL We Cure with Care
**एम.जी.एम. HOSPITAL**
कचहरी चौक, फारेस्ट प्ले ग्राउंड के सामने, कटनी (मप्र) 483501
फोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com
NABH

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
**डॉ. स्मिता बजाज**
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

**रत्ना मैरिज गार्डन**
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था



पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा

CITY Mall
EVERYTHING UNDER ONE ROOF
AVAILABLE FACILITIES
SHOPPING FUN FOOD ENTERTAINMENT HOSPITALITY
ASSOCIATED WITH
BIG BAZAAR
Reliance digital
TRENDS
PLANET FASHION
U-TURN
BOLSA
GALAXY
City Pride Cinema
Food Junction The Food Court
HOTEL GRAND MERIDIAN
FLAVOURS Multi Cuisine Family Restaurant
GRAVITY THE PUB
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P)
Phone : +91 7622 422408, email : citymallkatni@gmail.com

# रेडक्रास सोसायटी प्रबंध समिति के चुनाव 6 फरवरी से

**कटनी।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी कटनी की प्रबंध कार्यकारिणी समिति के दस सदस्यों की निर्वाचन प्रक्रिया 6 फरवरी से प्रारंभ हो रही है। रेडक्रास सोसायटी सचिव डॉ. यशवंत वर्मा ने बताा कि निर्वाचन प्रक्रिया निर्वाचन की प्रक्रिया अधिकारी डॉ. एलएन खंडेलवाल, डॉ. शिखर चन्द्र जैन और डॉ. वाय. सुब्बाराव द्वारा संपादित कराई जाएगी। नामांकन पत्रों का वितरण डॉ. एलएन खंडेलवाल निर्वाचन अधिकारी के आदर्श कालोनी स्थित कार्यालय में 6 से 10 फरवरी के बीच सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस हेतु रेडक्रॉस के समस्त वैध मतदाता, निर्वाचन अधिकारियों व मानसेवी सचिव के अतिरिक्त निर्वाचन पत्र भरने के अधिकारी होंगे। नामांकन पत्र भरने के लिए 2100 रूपये का भुगतान कर नामांकन पत्र प्राप्त किए जा सकते हैं। नामांकन पत्र व मतदाता सूची निर्वाचन अधिकारी के पास उपलब्ध रहेंगे। नामांकन पत्र डॉ. खंडेलवाल के कार्यालय में 10 फरवरी को दोपहर 1 बजे तक जमा किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की पुष्टि 11 फरवरी को अपरान्ह 12 बजे निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में की जाएगी। जिसमें समस्त नामांकन दाखिल करने वाले अभ्यर्थी उपस्थित रह सकते हैं। नाम वापिस करने की अंतिम तिथि 12 फरवरी को दोपहर 3 बजे तक नियत की गई है। इसके पश्चात अंतिम उम्मीदवार सूची कलेक्टर कार्यालय व सिविल सर्जन कार्यालय जिला चिकित्सालय कटनी में चस्पा की जाएगी। निर्वाचन हेतु मतदान 15 फरवरी को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक संपन्न होगा। जिसके बाद उसी दिन दोपहर 3 बजे से मतगणना प्रारंभ कर परिणाम घोषित किए जाएंगे। स्थान की सूचना सभी अभ्यर्थियों को व्यक्तिगत व समाचार पत्र के माध्यम से दी जाएगी।

# कलेक्टर ने मिलर्स से की वन-टू-वन चर्चा

## हर समस्या के निराकरण का दिलाया भरोसा



**कटनी।** धान मिलिंग का पिछला सीजन अब समाप्त होने की कगार पर है। धान खरीदी का काम पूरी तरह मुकम्मल हो जाने के बाद अब मिलर्स द्वारा इस धान को चावल में तब्दील किये जाने की तैयारी है। ऐसे में राइस मिलर्स के सामने आने वाली समस्याओं सहित उनकी परेशानियों को लेकर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा द्वारा गत दिवस कलेक्ट्रेट सभागार में जिले भर के राइस मिलर्स की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने राइस मिलर्स को भरोसा दिलाया कि प्रशासन उनकी हर समस्या का समाधान करने को तैयार है। राइस मिलर्स ने भी सीधे कलेक्टर से मुखातिब होकर मिलिंग में होने वाली परेशानियों का जिक्र उनसे किया।

बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने मिलर्स को संबोधित करते हुए कहा कि मिलर्स की जो भी समस्याएं हैं, उसको लेकर सीधे चर्चा करें। जिला प्रशासन के दरवाजे आप लोगों के लिए हमेशा खुले हैं। जो भी समस्या होगी उसका हल निकालने का प्रयास किया जाएगा। कलेक्टर श्री मिश्रा ने बैठक के दौरान मिलर्स से धान की कस्टम मिलिंग को लेकर चर्चा की। साथ ही कहा कि जितने भी मिलर्स आगामी मिलिंग को लेकर सहमत हैं, वे अपना एक सहमति पत्र बनाकर दें ताकि आगे की प्रक्रिया प्रारंभ हो सके।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने मिलर्स की समस्याएं भी सुनी। मिलर्स ने अपनी प्रमुख समस्याओं का उल्लेख करते हुए बताया कि पेनाल्टी की राशि बहुत अधिक है इसे कम किया जाए। साथ ही चावल के एक दो बोरे में चावल खराब निकलने पर पूरा का पूरा लॉट ही रिजेक्ट कर दिया जाता है। मिलर्स को इस पूरे लॉट का उठाव करके नया लॉट जमा कराना पड़ता है। मिलर्स ने कलेक्टर से आग्रह किया कि लॉट में जितना चावल कम गुणवत्ता का पाया जाए केवल उतने को ही रिजेक्ट किया जाए पूरा लॉट न रिजेक्ट किया जाए। जिसपर कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि इसको लेकर स्थानीय व उच्चाधिकारियों से चर्चा की जाएगी। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी व मिलर्स मौजूद थे।



# सूर्य नमस्कार की विधाएं बताईं

**कटनी।** गत दिवस कटनी में सूर्य नमस्कार बसन्त उत्सव मनाया गया जिसमें सूर्य नमस्कार की विधाएं पेश की गई। इस अवसर पर श्रीमती हीरामणि बरसैन्या, डिम्पल चावला, शशी दुवे, कशिश रोहरा, विधी रोहरा, विधि तीरथानी, रानी तीरथानी, पूनम गुप्ता, अकाक्षा बरसैन्या,बबिता चावला, ऊषा चेलानी, चित्रांगना, निधीश, पारस आदि की उपस्थिति रही। इस प्रकार सूर्य नमस्कार अमृत महोत्सव ओम् योग केन्द्र मैं एक फरवरी से सात फरवरी तक मनाया गया जिसमें लगभग सौ लोगों के द्वारा 13000 सूर्य नमस्कार करके इस अमृत महोत्सव मे सूर्य देव के साथ साथ वीरों को नमन किया गया।

# साईं सिद्ध मंदिर रीठी की चतुर्थ वर्षगांठ 12 को

**कटनी।** राजीव गांधी महाविद्यालय रीठी साईंधाम शिवनगर में स्थित साईं सिद्ध मंदिर की चतुर्थ वर्षगांठ प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आगामी 12 फरवरी को धूमधाम से मनाई जा रही है। इस अवसर पर प्रातः 11 बजे से अभिषेक पूजन एवं दोपहर 1 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के आयोजक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र राजपूत एवं उप प्राचार्य डॉ. मनोज खरे ने समस्त धर्मप्रिय जनता से इस धार्मिक अनुष्ठान में पहुंचकर पुण्यलाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।



**बच्चों को दी घरेलू हिंसा एवं बाल संरक्षण अधिनियम की जानकारी**


# लिटिल स्टार फाउण्डेशन हिरवारा का औचक निरीक्षण करने पहुंचे न्यायाधीश



**कटनी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार श्यामाचरण उपाध्याय प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के मार्गदर्शन में गतदिवस मंगलवार को जिला न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश कुमार नोटिया, जिला न्यायाधीश,विजिटर जज पल्लवी द्विवेदी तथा प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड कटनी श्वेता मिश्रा द्वारा लिटिल स्टार फाण्उडेशन हिरवारा का औचक निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता,जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। निरीक्षण के दौरान न्यायाधीशों ने संस्था की साफ-सफाई, पेय जल व्यवस्था, भंडार गृह में अनाज तथा सब्जी की गुणवत्ता आदि की जांच की। साथ ही संस्था के संचालक को कोरोना गाईडलाईन का नियमानुसार पालन करने, बालिकाओं को पृथक-पृथक हाथ धोने के साबुन उपलब्ध कराने, बालिकाओं का रूटिन चैकअप कराने, मास्क लगाने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने हेतु निर्देशित किया। न्यायाधीशों द्वारा संस्था की बालिकाओं से उनकी समस्यायें भी पूंछी गयी। साथ ही संस्था द्वारा संधारित किये जाने वाले पंजियों की जांच भी की गयी। आयोजित शिविर में सचिव दिनेश कुमार नोटिया ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत बालक-बालिकाओं को घरेलु हिंसा एवं बाल संरक्षण आदि विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इसके साथ ही नालसा बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना, संविधान द्वारा बालकों को प्रदत्त मूल अधिकार तथा अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की। उन्होंने बच्चों की प्रतिभाओं को देखकर उनको अलग-अलग क्षेत्रों में मेहनत करने प्रोत्साहित किया। पल्लवी द्विवेदी विजिटर जज जे.जे.बी. ने मध्यप्रदेश अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, पाक्सो एक्ट के महत्वपूर्ण उपबंधों की जानकारी दी। श्वेता मिश्रा, प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड कटनी ने बालक-बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, संरक्षण, विधि आदि से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

## इको क्लब के तत्वाधान में प्रतियोगिता का आयोजन

# विश्व नम भूमि दिवस पर चित्रकला स्पर्धा



**कटनी।** शासकीय पुरवार माध्यमिक शाला शेर चौक में विश्व नम भूमि दिवस पर पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से इको क्लब के तत्वाधान में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में वैष्णवी, सिमरन, प्राची, पूजा, शादाब, रूबी, भारती सहित 20 विद्यार्थियों ने सुंदर चित्र बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। संस्था प्रधान कामिनी दुबे ने विद्यार्थियों के प्रयास की सराहना की। इस दौरान शिक्षक आनंद बैरागी, सुमित गर्ग, पायल अग्रवाल, अनीता बिचपुरिया, रजनी गुप्ता, मंजूषा गुप्ता, सुनीता बर्मन और मीरा कथरिया की उपस्थिति रही। प्रतियोगिता के अंत में इको क्लब प्रभारी सुमित गर्ग द्वारा नम भूमि के बारे में जानकारी देकर इसके महत्व पर प्रकाश डाला गया।

# समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिये पंजीयन शुरू

## 5 मार्च तक पंजीयन करा सकेंगे किसान, रविवार को रहेगा अवकाश



**कटनी।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2022-23 के लिये गेहूं उपार्जन के लिये किसान पंजीयन कार्य 5 फरवरी से 5 मार्च तक प्रातः 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक समस्त कार्य दिवसों में रविवार एवं शासकीय अवकाश को छोड़कर किया जायेगा। किसानों की सुविधा के लिये पंजीयन एवं उपार्जन प्रक्रिया में महत्वपूर्ण बदलाव करने का निर्णय लिया गया है। जिससे किसानों को पंजीयन केन्द्रों में लाईन लगाकर पंजीयन कराने में हो रही परेशानी से बचा जा सकता है। उपार्जन के लिये किसान निर्धारित स्थानों पर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

कृषक स्वयं के मोबाईल अथवा कम्प्यूटर से पंजीयन के लिये निर्धारित लिंक पर जा कर अपना पंजीयन कर सकेंगे। इसके साथ ही ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र, जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, तहसील कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र, पूर्व वर्षों की भांति सहकारी समिति एसएचजी, एफ़पीओ, एफ़पीसी द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर भी निःशुल्क पंजीयन कराया जा सकता है। इसके अतिरिक्त पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था जिस पर 50 रुपये की राशि देय होगी, किसान अपना पंजीयन करा सकते हैं। इनमें एमपी ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र तथा निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साईबर कैफे पर भी पंजीयन कराया जा सकता है।

उपार्जन के लिये कृषक को भूमि संबंधित दस्तावेज, आधार कार्ड एवं अन्य फोटो पहचान पत्र उपलब्ध कराना होगा। सिकमी बटाईदार एवं वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एसएचजी, एफपीओ, एफपीसी स्तर पर स्थापित पंजीयन केन्द्रों पर ही उपलब्ध रहेगी।

पंजीयन कराने एवं फसल बेचने के लिये आधार नंबर वेरीफिकेशन अनिवार्य होगा। वेरीफिकेशन आधार नंबर से लिंक मोबाईल नंबर पर प्राप्त ओटीपी से या बायोमेट्रिक डिवाईस से किया जा सकेगा।

### खसरे और आधार कार्ड में नाम एक जैसा होने पर ही होगा पंजीयन

किसान का पंजीयन केवल उसी स्थिति में हो सकेगा, जबकि भू-अभिलेख में दर्ज खाते एवं खसरे में दर्ज नाम का मिलान आधार कार्ड में दर्ज नाम से होगा। भू-अभिलेख एवं आधार कार्ड में दर्ज नाम में विसंगति होने पर पंजीयन का सत्यापन तहसील कार्यालय से ही किया जा सकेगा। सत्यापन होने के उपरांत ही पंजीयन मान्य होगा। नवीन पंजीयन व्यवस्था में यह आवश्यक होगा कि सान अपने आधार नंबर से बैंक खाता और मोबाईल नंबर को लिंक कराकर अपडेट रखें। जिले के कृषकों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने निकटतम आधार केन्द्र में अपने आधारकार्ड में मोबाईल नंबर एवं बायोमेट्रिक अपडेट करवा लें, अन्यथा की स्थिति में फ़सल विक्रय में असुविधा का सामना करना पड़ेगा।

# टी.सी.बजान स्कूल जोन में पार्क होंगे दुपहिया वाहन

## दिन भर का 10 रुपये लगेगा पार्किंग शुल्क

**कटनी।** नगर में पार्किग स्थलों की व्यवस्था नहीं होने से बाजार के मुख्य मार्गो में दो पहिया वाहन अव्यवस्थित रूप से खडे होते है जिसके कारण जाम की स्थिति निर्मित होती है एवं यातायात भी प्रभावित होता है, एवं नागरिकों को कठिनाईयों को सामना करना पडता है। नगर की आवागमन को व्यवस्थित किये जाने एवं पार्किग व्यवस्था बनाये जानें के उद्धेश्य से दिनांक 28 दिसंबर 2021 संकल्प परित किया जाकर टी.सी.बजान स्कूल के रिक्त स्थल पर वाहनों को सुचारू रूप से पार्किग कराकर पार्किग जोन बनाया जाकर मोटर साईकिल दो पहिया वाहन से 10 रूपये प्रतिवाहन प्रतिदिन शुल्क वसूल कर निगम कोष में जमा कराने का निर्णय लिया गया है।

निगमायुक्त श्री धाकरे ने आदेश जारी कर टी.सी.बजान स्कूल प्रांगण मे वहनों को सुचारू रूप से पार्किग कराकर मोटरसाईकिल की निर्धारित दर अनुसार प्रतिदिन शुल्क वसूल कर निगम कोष में जमा करनें हेतु दो कर्मचारियों की डयूटी लगाई जाकर अभिषेक बघेल उद्यान पर्यवेक्षक को अपने निर्देशन में वसूली कार्य कराते हुए निगम कोष में जमा कराने हेतु निर्देशित किया है।

निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने नागरिकों से टी.सी.बजान स्कूल परिसर स्थित पार्किग जोन में निर्धारित शुल्क देकर अपने दो पहिया वाहनों को पार्क कर नगर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाये रखनें में सहयोग प्रदान करने की अपील की है।



# नागरिकों से सफाई व्यवस्था में मांगा सहयोग

## निर्धारित मानदंडों के अनुरूप दो पालियों में हो रही साफ-सफाई

**कटनी।** निगम प्रशासन द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था को स्वच्छ सर्वेक्षण के निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप रखनें हेतु दो पालियों की सफाई व्यवस्था के साथ ही जागरूकता गतिविधियों का आयोजन कर नागरिकों से नगर की सफाई व्यवस्था में सहयोग प्रदान करने की अपील की जा रही है। नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन आदेश जैन नें जानकारी दते हुए बताया कि जिला कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा अपनी सहयोगी संस्था के माध्यम से अभियान चलाकर स्वच्छ सर्वेक्षण की विभिन्न गतिविधियों से नागरिकों को अवगत कराया। अभियान के दौरान जय प्रकाश वार्ड, जगमोहन दास वार्ड, वेंकट वार्ड एवं राजीव गांधी वार्ड में नुक्कड नाटक का आयोजन किया जाकर नागरिकों को सर्वेक्षण की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराते हुए नगर की सफ़ाई व्यवस्था में सहयोग प्रदान करनें की अपील की गई।



# चांडक चौक से गर्ग चौराहा तक सड़क चौडीकरण का मार्ग प्रशस्त

**नजूल भूमि के साथ-साथ निजी भूमियों पर भी लग रहे निशान**

**कटनी।** मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना अन्तर्गत चांडक चौक से गर्ग चौराहे तक मास्टर प्लान अनुसार सड़क चौड़ीकरण हेतु निजी एवं नजूल भूमियों की मार्किंग का कार्य विगत 31 जनवरी से निरंतर जारी है। सहायक यंत्री सुनील सिंह नगर निगम ने जानकारी देते हुए बताया कि तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव, नजूल तहसीलदार, प्रभारी कार्यपालन यंत्री नगरनिगम राकेश शर्मा, प्र. सहायक यंत्री अनिल जायसवाल, उपयंत्री संजय मिश्रा एवं राजस्व निरीक्षक व पटवारियों के संयुक्त दल की उपस्थिति में मौके पर भूमि की उपलब्धता एवं मास्टर प्लान अनुसार सड़क की चौडाई की मार्किंग का कार्य कराया गया।

# श्रीकृष्ण वृद्धाश्रम में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर

## आशा किरण सोसायटी, आसरा बालगृह एवं किलकारी शिशुगृह का किया निरीक्षण



**कटनी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी श्यामाचरण उपाध्याय के मार्गदर्शन में जिला न्यायाधीश, सचिव दिनेश कुमार नोटिया जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पल्लवी द्विवेदी जिला न्यायाधीश, विजिटर जज एवं श्वेता मिश्रा प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड कटनी द्वारा बुधवार को आशा किरण सोसाइटी, आसरा बालगृह एवं किलकारी शिशुगृह कटनी का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही नालसा वरिष्ठ नागरिकों के लिये विधिक सेवा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन श्री कृष्ण वृद्धा आश्रम दद्दा धाम में विधिक साक्षरता शिविर, जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा नालसा वरिष्ठ नागरिकों के लिये विधिक सेवा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में जिले में कार्यरत वृद्धाश्रम की संख्या, निवासरत वृद्धजनों की संख्या, संस्था के संचालक की जानकारी तथा राज्य सरकार द्वारा वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को रखे जाने की क्षमता के संबंध में जानकारी चाही थी, जिसके परिपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के सचिव दिनेश कुमार नोटिया ने इस संबंध में जानकारी के भौतिक सत्यापन के लिये वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया तथा वृद्धाश्रम के संचालक से उक्त बिन्दुओं पर जानकारी प्राप्त की। श्री कृष्ण वृद्धाश्रम कटनी में आयोजित विधिक साक्षरता,जागरूकता कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के सचिव दिनेश कुमार नोटिया द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिये शासन द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गयी। उन्होंने उपस्थित सभी वृद्ध जनों की समस्यायें सुनते हुये, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया मास्क का वितरण



**कटनी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्यामाचरण उपाध्याय के मार्गदर्शन में जिला न्यायाधीश सचिव दिनेश कुमार नोटिया के दिशा–निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कोविड–19 संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए पैरालीगल वालेंटियर्स के माध्यम से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर मास्क का वितरण किया जा रहा है। पैरालीगल वांलटियर द्वारा मास्क न लगाने वाले व्यक्तियों को कोविड–19 से बचाव व सुरक्षा संबंधी जानकारी प्रदान करते हुए मास्क का वितरण किया गया।

**न्यायालय अपर कलेक्टर/विशेष विवाह अधिकारी जिला कटनी, म.प्र.**

क्रं./760/प्रवा.वि.अधि./2022 कटनी, दिनांक 31/01/2022

**द्वितीय अनुसूची / (धारा 5 देखिये)**

**विवाह रजिस्ट्रेशन की सूचना**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है आवेदक श्री संजय एस लाल पिता श्री स्वनरेन्द्र एस लाल (आविवाहित) साकिन वार्ड नं. 01 हिरवारा पाठक कालोनी हिरवारा कटनी तहसील कटनी ग्रामीण पिन कोड 483501 एवं आवेदिका आकांछा सिम्पी पिता श्री राजेन्द्र कुमार सिम्पी (आविविवाहित) साकिन मंगल नगर रामनिवास सिंह वार्ड मुड़वारा कटनी जिला कटनी म.प्र. पिन कोड 483501 द्वारा विवाह रजिस्ट्रेशन किये जाने बावत आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र एवं विवाह रजिस्ट्रेशन शुल्क 50/- रूपये चालान की मूल प्रति एवं मतदाता परिचय पत्र, अंक सूची सहित समक्ष में उपस्थित होकर विवाह रजिस्ट्रेशन किये जाने का आवेदन पत्र पेश किया है। जो न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त आवेदन पर आवेदक/आवेदिका का विवाह रजिस्ट्रेशन अधिनियम 1984 की धारा-5 तहत विवाह रजिस्ट्रेशन होना आशियत है। यदि इस विवाह रजिस्ट्रेशन में किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/एतराज/दावा हो तो इश्तहार जारी दिनांक से 30 दिवस के भीतर अथवा पेशी दिनांक 01.03.2022 को पूर्वान्ह तक सवयं या अपने अभिभाषक/प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर अपनी आपत्ति लिखित प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक को इस न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**आगामी तिथि 01.03.2022**

**अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला कटनी (म.प्र.)**

# स्टेशन के फूड प्लाजा में नए व पुराने कर्मचारियों के बीच खूनी संघर्ष

### एक की मौत, तीन गंभीर, अस्पताल में भर्ती, नौकरी से निकाले गए कर्मचारी ने साथियों के साथ मिलकर आधी रात दिया वारदात को अंजाम



**कटनी।** कटनी जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर दो पर सतना छोर की ओर स्थित फूड प्लाजा में आधी रात नए व पुराने कर्मचारियों के बीच खूनी संघर्ष की घटना प्रकाश में आई है। कटनी मुख्य रेलवे स्टेशन जहां पर एक ओर आरपीएफ के जवान तैनात थे तो दूसरी ओर जीआरपी के जवान भी गश्त पर थे लेकिन अपराधियों पर पुलिस का अंकुश ना होने का नतीजा यह हुआ कि फूड प्लाजा में निकाले गए पुराने कर्मचारियों ने आधी रात नए कर्मचारियों पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में जहां एक युवक की मौत हो गई तो वही तीन गंभीर रूप से घायल हैं। जिनका इलाज निजी व शासकीय अस्पताल में चल रहा है। घटना की जानकारी लगने के बाद पहुंची पुलिस ने मृतक व घायलों को अस्पताल पहुंचाया। बताया जाता है कि हमलावर आठ से 10 की संख्या में थे। जिनमें से कुछ लोगों को पुलिस ने पकड़ा है और बाकी की तलाश कर रही है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कटनी मुख्य रेलवे स्टेशन के भीड़भाड़ वाले प्लेटफार्म नंबर दो पर स्थित फूड प्लाजा के संचालक दीपक ने कुछ दिन पूर्व अपने कुछ कर्मचारियों को नौकरी से हटाते हुए उनके स्थान पर नए कर्मचारियों की नियुक्ति की थी। घटना में घायल हुए अंकुश सिंह ने बताया कि वो लोग कटनी स्टेशन में बने फूड प्लाजा में काम करते है। शुक्रवार की रात अपना काम करने के बाद सभी वेंडर फूड प्लाजा में सो रहे थे। तभी अचानक पुराना कर्मचारी अजय सिंगर अपने आठ दस साथियों के साथ फूड प्लाजा पहुचा और सो रहे वेंडरों पे चाकू से हमला कर दिया। जिसमें कानपुर निवासी दीपू सिंह की मौत हो गई और अंकुश सहित तीन युवक घायल हो गए। रेल पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल व निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया जाता है कि घटना के बाद मौके पर पहुंची जीआरपी और आरपीएफ की टीम ने तीन आरोपियो को पकड़ लिया है और अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता के लिए समर्पित यशभारत की 15 वीं वर्षगांठ पर
हार्दिक शुभकामनाएं
एक शुभचिंतक

निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता के लिए समर्पित यशभारत के सफलतम 15 वर्ष पूर्ण होने एवं शानदार 16 वें वर्ष में प्रवेश पर
हार्दिक शुभकामनाएं
सत्यानंद योग केन्द्र, कटनी
वेदांश वाटिका, कलेक्ट्रेट के सामने

निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता के लिए समर्पित यशभारत की 15 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं
कटनी जिले का आधुनिक तकनीक से युक्त सर्वसुविधा सम्पन्न प्रथम कोल्ड स्टोरेज (शीतगृह)
श्रीनिवास पद्मावती कोल्ड स्टोरेज
सभी प्रकार के फल, सब्जी, दाल, अनाज, आलू महुआ, किराना, ड्रायफ्रूट आदि को आधुनिक मशीनों से तरोताजा रखने की विशेष व्यवस्था
मझगवां फाटक के पहले, रीठी रोड, कटनी
मो. 7974890844, 9993217332, 9755012552,9981512552

सिंघई परिवार की ओर से
निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता के लिए समर्पित यशभारत के सफलतम 15 वर्ष पूर्ण होने एवं शानदार 16 वें वर्ष में प्रवेश पर
हार्दिक शुभकामनाएं
शहनाई गार्डन
व्यवस्थित परिसर के साथ सर्वसुविधा बारातघर
कृषि उपज मंडी रोड, कटनी

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता के लिए समर्पित यशभारत की 15 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं
खरे स्टोन एण्ड टाइल्स
हमारे संस्थान
खरे ट्रेडिंग कंपनी
कटनी स्टोन गैलेक्सी
एशियन टायर्स
खरे ब्रदर्स
संचालक
राजू खरे
अजय खरे
अमन खरे
अंकुर खरे
खिरहनी फाटक, ओव्हरब्रिज के पास कटनी
मो. 9425160789,9926560789, 9300060789

निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता के 16वें वर्ष में प्रवेश पर
यश भारत परिवार को
हार्दिक शुभकामनाएं
रामेन्द्र बड़गैंया
(जिला ग्रामीण कांग्रेस कोषाध्यक्ष) जबलपुर

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)